卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐 जय बाबा की卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 266 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦7 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कार खाई में गिरी, दो महिलाओं की मौत

### हादसे में तीन लोग गंभीर, देर रात हुआ हादसा



चमोली (उद संवाददाता)। शनिवार रात नैनीताल हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गये। एक महिला की मौके पर ही मौत हुई जबकि एक महिला ने देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ा। जानकारी के मुताबिक बलेनो कार संख्या यूके 07एफ आर 5185 कर्णप्रयाग से आदिबदरी की ओर जा रही थी। चांदपुरगढ़ी के पास कार अनियंत्रित होकर 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। सूचना पर पुलिस टीम के साथ ही एसडी आरएफभी मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकाला। बारिश और रात होने के चलते रेस्क्यू में थोड़ी दिक्कतें भी आईं। सिमली चौकी पुलिस ने बताया कि हादसे में 85 वर्षीय बिंसरी देवी निवासी कांसुवा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। 52 वर्षीय विक्रम कुंवर, 18 वर्षीय रोहित, 57 वर्षीय मोहन प्रसाद,52 वर्षीय उषा देवीनिवासी सभी कांसुवा घायल हो गए थे। घायल ऊषा देवी ने देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य तीन घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के भेज दिया।

## ट्रक की टक्कर से बैंक कर्मी की दर्दनाक मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि रामपुर रोड पर बेल बाबा मंदिर के पास तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मारकर उस पर सवार रूद्रपुर से घर वापस लौट रहे बैंककर्मी को रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही देर में मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी मिलते ही ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने निरीक्षण करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी आ गए और उनमें कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक एचडीएफसी बैंक के कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव पद पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार बरेली रोड निवासी 29 वर्षीय दीपक मनराल पुत्र गोपाल सिंह मनराल रुद्रपुर स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा में कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था। शनिवार रात वह बैंक का कार्य समाप्त कर अपनी बाइक से रुद्रपुर से हल्द्वानी घर को लौट रहा था। मार्ग में जब वह टांडा जंगल पार कर बेल बाबा मंदिर के पास पहुंचा। इस दौरान पीछे आ रहे राजस्थान नंबर के एक तेज रफ्तार (शेष पृष्ठ सात पर)

## जंगल में फंसे चार युवकों के लिए देवदूत बनी कालाढूंगी थाना पुलिस

रामनगर।शनिवार देर रात जंगल में फंसे 4 युवकों को कालाढूंगी थानाध्यक्ष भगवान मेहर और उनकी टीम ने सकुशल रेस्क्यू कर लिया। बताया जा रहा है कि हल्द्वानी निवासी चारों युवक कार से कोटाबाग क्षेत्र के जंगल में घूमने गए थे। जंगल



के बरसाती नाले में अचानक अत्यधिक पानी आने से कार खराब हो गई थी । घटना की जानकारी मिलने के बाद कालाढूंगी थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर ने 10 किमी अंदर जंगल से सभी को सकुशल रेस्क्यू कर बाहर निकाला।पुलिस ने सभी को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। सकुशल बाहर निकले चारों युवकों ने कालाढूंगी थाना अध्यक्ष एवं उनकी टीम का आभार जताते हुए उत्तराखंड पुलिस की प्रशंसा की है।

## ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी स्कूटी, मां की मौत, बेटा गंभीर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि महतोष मोड़ के पास ट्रैक्टर ट्राली व स्कूटी के मध्य हुई भिड़ंत में स्कूटी सवार महिला



की मौत हो गई जबकि स्कूटी चला रहा उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक वाहन मौके पर छोड़ फरार हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम सूरजपुर नम्बर 1 निवासी 55 वर्षीय कौशल्या देवी (शेष पृष्ठ सात पर)

### हादसे में दो बाइक सवार घायल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल चौक पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार युवक घायल हो गये। घायल बाइक सवार युवकों के लिए सीपीयू कर्मी मसीहा बनकर आये। दोनों घायलों को सीपीयू कर्मियों ने समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात्रि सिडकुल चौक पर दो बाइक सवार अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गये। दोनों युवक बेहोशी की हालत में काफी देर तक सड़क पर ही पड़े रहे। इसी बीच किसी ने पुलिस को (शेष पृष्ठ सात पर)



## हल्द्वानी की पार्वती कालोनी में गुलदार दिखने से हड़कम्प

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत रात्रि तिकोनिया के पास गुरु तेग बहादुर गली में एक घर की छत पर गुलदार दिखाई देने के बाद आज दूसरे दिन भोर होने से पहले लालडांठ के बिठौरिया नंबर एक की पार्वती कॉलोनी में गुलदार सीसीटीवी में कैद हो गया। जिसके बाद क्षेत्र के लोगों के साथ ही आस पास की कालोनियों में रहने वाले सभी लोगों में भी दहशत का माहौल बन गया है। वन अधिकारियों का मानना है कि भारी बरसात के बीच जंगल छोड़कर गुलदार शहर में दाखिल हो रहे हैं। लोगों में गुलदार का खोफ इस कदर छाया हुआ है कि वह खुद शाम होते ही घरों में बंद हो जा रहे हैं साथ ही दूसरों को भी शाम ढलते ही घर में रहने की सलाह दे रहे (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड में 'घटाया' गया 'चिकित्सा सेवा शुल्क'

### राजकीय चिकित्सालय में ओपीडी और आईपीडी पंजीकरण शुल्क तथा एंबुलेंस और बेड चार्जेज में कटौती की घोषणा, राज्य में अब यूजर्स चार्जेज में हर साल नहीं की जाएगी 10प्रतिशत की वृद्धि, हर तीन वर्ष में यूजर्स चार्जेज की होगी समीक्षा

-अर्श-

देहरादून। स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली से दो-चार हो रहे उत्तराखंड वासियों के लिए एक राहत भरी खबर है ।राज्य के वित्त मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने सूबे के राजकीय अस्पतालों में ओपीडी और आईपीडी के पंजीकरण शुल्क में कमी के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। लिहाजा सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो प्रदेश के राजकीय अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीज को अब ओपीडी और आईपीडी पंजीकरण के लिए भविष्य में कम शुल्क देना होगा। इतना ही नहीं मरीज को अब एंबुलेंस और बेड चार्जेज में भी रियायत दी जाएगी। राज्य के वित्त मंत्री के अनुसार चिकित्सा सेवा शुल्क में की गई यह कमी जल्द ही यह राज्य के सरकारी चिकित्सालयों में लागू होगी ,जिससे जनसामान्य पर अनावश्यक मूल्य वृद्धि का भार कम होगा ।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वित्त मंत्री डा। प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं कमजोर आर्थिक स्थितियों के कारण पर्वतीय जनपदों में आम जनमानस केवल राजकीय चिकित्सालयों पर ही निर्भर हैं। इसके चलते राज्य सरकार ने चिकित्सा सेवा शुल्क की दरों को कम किए जाने का विचार किया है। डॉ अग्रवाल के अनुसार राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की




ओपीडी में अभी तक 13 रुपये लिया जा रहा है, जिसे अब घटकर 10 रुपये कर दिया गया हैं। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकरण शुल्क 15 रुपये से घटकर 10 रुपये तथा जिला व उप जिला चिकित्सालय में 28 रुपये से घटकर 20 रूपये कर दिया गया है। मंत्री ने आगे बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आईपीडी में अभी तक 17 रुपये लिया जा रहा है, जिसे अब 15 रुपये किया गया है। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 57 रुपये से 25 रुपये जबकि जिला व उप जिला चिकित्सालय में 134 रुपये से 50 रुपये करने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया है। इसके अलावा विभागीय एंबुलेंस में अभी तक रोगी वाहन शुल्क जो वर्तमान में पांच किलोमीटर तक 315 रूपये न्यूनतम एवं अतिरिक्त दूरी के लिए 63 रु. प्रति किलोमीटर लिया जा रहा है, को कम करते हुए 05 किलोमीटर तक 200 रुपये न्यूनतम और अतिरिक्त दूरी के लिए 20 रु. प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। डॉक्टर अग्रवाल के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेफर करने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मरीजों से अब पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसी तरह उप जिला अस्पताल से जिला चिकित्सालय में रेफर करने पर भी अब जिला (शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
समाचार पत्र में मार्केटिंग हेतु युवक/युवती की अनुभवी को वरीयता
सम्पर्क करे-
9897427586

## उत्पीड़न के खिलाफ मजदूर महापंचायत में गरजे श्रमिक

### भारी वर्षा के बावजूद जुटे सैकड़ों मजदूर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्रमिक संयुक्त मोर्चा द्वारा आज मूसलाधार वर्षा के बीच रोडवेज के सामने रामलीला मैदान में आयोजित मजदूर महा पंचायत में श्रमिक नेताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को जोरदार ढंग से उठाते हुए शासन प्रशासन को सामूहिक संघर्ष तेज कर देने की चेतावनी दी। श्रमिक नेताओं ने कहा कि छह मजदूरों को गुंडा एक्ट के तहत भेजे गये नोटिस और दर्ज मुकदमे को तत्काल वापस लिया जाये, डॉल्फिन कम्पनी के गुनाहगारों पर गुंडा एक्ट के साथ मुकदमा दर्ज (शेष पृष्ठ सात पर)





आवश्यकता है
रूद्रपुर में शाम का अखबार बांटने के लिये युवकों की।
सम्पर्क करे-
9897427586






# नौ जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट

## रानीखत हाईवे पर बना पुल ध्वस्त,कुमाऊं में 92 सड़कें बंद

हल्द्वानी। मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार और रविवार को कुमाऊं के सभी जिलों में भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही मेघों के बरसने से तापमान में भी सात डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। भीषण गर्मी से मिली राहत के बीच अब मानसून की बारिश से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। पहाड़ से लेकर मैदान तक जमकर वर्षा हो रही है। कुमाऊं मंडल के छह जिलों में जुलाई के चार दिनों में 133.6 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। आसमान से बरस रहा पानी जगह-जगह समस्या भी उत्पन्न कर रहा है। शुक्रवार से मूसलधार वर्षा का क्रम रविवार तक जारी रहा। वहीं दूसरी तरफ उत्तराखंड में मानसून सीजन की बारिश ने अपना कहर दिखाना शुरू कर दिया है। वहीं मंडल में दो सीमा मार्गों समेत 92 सड़कों पर मलबा आने से यातायात अवरुद्ध है। दो दिन से लगातार हो रही बारिश के बीच शनिवार को रानीखेत-रामनगर स्टेट हाईवे पर मोहान के पास पनियाली नाला उफान पर आ गया। पानी के वेग ने इस नाले पर बनाए गए पुल को ध्वस्त कर दिया। पुल ब्रिटिशकालीन बताया गया है। पुल के अवशेष पानी के साथ बह गए हैं। इस घटना के बाद हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप हो चुका है। यह मार्ग एक लाख से अधिक आबादी को रामनगर व रानीखेत से जोड़ता है। लोनिवि वैकल्पिक तौर पर यहां बैली ब्रिज बनाने पर विचार कर रहा है। रामनगर-रानीखेत रोड पर मोहान के पास पनियाली नाले पर 27 मीटर पुल बनाया गया था। लोक निर्माण विभाग के



अधीक्षण अभियंता बीएस ह्यांकी के अनुसार यह पुल करीब 80 साल पुराना था। सड़क पर यातायात सुचारु कराने के लिए विभागीय स्तर पर प्रयास तेज किए जाएंगे। फिलहाल वैकल्पिक तौर पर यात्रियों को रानीखेत के लिए चिमटाखाल-भौनखाल-भतराँजखान रूट से दस किमी अतिरिक्त यात्रा कर जाना पड़ेगा। अल्मोड़ा जिले में आठ सड़कों पर यातायात बाधित है। पिथौरागढ़ जिले में 23 आदि कैलास यात्रियों को तवाघाट से रेस्क्यू कर सुरक्षित धारचूला लाया गया। वहीं, पूर्णागिरि मार्ग बंद रहने और वर्षा के बीच खतरे को देखते हुए दर्शन के लिए आए दो सौ श्रद्धालुओं को वापस भेज दिया गया। अल्मोड़ा- हल्द्वानी हाईवे पर पत्थर गिरने के कारण रात 9 बजे बाद क्वारब और भीमताल से यातायात डायवर्ट कर दिया गया है। पिथौरागढ़ में चीन सीमा का चौथे दिन भी संपर्क भंग रहा। राँगुती नाले के पास चट्टान दरकी है। इस जिले में 19 सड़कें बंद हैं। 11 आवासीय मकानों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। काली, गौरी, कुटी, मंदाकिनी नदियां उफान पर हैं। तवाघाट-लिपुलेख मार्ग पर नपलच्यू से गुंजी को जोड़ने वाला पुल खतरे की में आ गया है। पुल का अपार्टमेंट हिल चुका है। चंपावत जिले में 28 सड़कें भूस्खलन के कारण बाधित हुई हैं। पूर्णागिरि मुख्य मंदिर के पास चट्टान खिसकने से बंद अवरुद्ध मार्ग दूसरे दिन भी नहीं खुल पाया है। शारदा का जलस्तर 1.21 लाख क्यूसेक पहुंचने पर रेड अलर्ट घोषित करते हुए भारत-नेपाल के बीच चौपहिया वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। घाट-टनकपुर एनएच पर तीन बार बंद हुआ। बागेश्वर में 15 सड़कें बंद हैं। सात लोगों के घरों पर को नुकसान पहुंचा है। हिमालयी गांवों में बिजली, पानी, सड़क व संचार की समस्या बनीं है। नैनीताल जिले में 22 सड़कों पर यातायात अवरुद्ध है।

## गढ़वाल मंडल में भूस्खलन से 200 से अधिक संपर्क मार्ग व सड़कें अवरूद्ध

### चारधाम यात्रियों से सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की अपील


देहरादून। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, आठ जुलाई तक वर्षा का दौर इसी प्रकार बना रह सकता है। रविवार को चमोली, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया गया है। हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी में भी कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है। इसे लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड में भारी वर्षा के अलर्ट को देखते हुए रविवार को चारधाम यात्रा स्थगित कर दी गई है। इस दौरान तीर्थ यात्रियों से सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की अपील की गई है। गढ़वाल मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय के अनुसार रविवार शाम को मौसम के पूर्वानुमान के आधार पर अगले दिन की यात्रा के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। वहीं शनिवार को चमोली में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चटवापानी के पास पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आकर बाइक सवार दो तीर्थ यात्रियों की मृत्यु हो गई। चारधाम यात्रा मार्ग अवरुद्ध होने से छह हजार तीर्थयात्री घंटों फंसे रहे। गढ़वाल मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि रविवार शाम को बैठक में अगले दिन की यात्रा के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। सभी जिलाधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा गया है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि ऋषिकेश



और विकासनगर से तीर्थ यात्रियों को चारधाम यात्रा के लिए रवाना न किया जाए। भूस्खलन से 200 से अधिक संपर्क मार्ग बाधित हैं और 300 से अधिक गांव अलग-थलग पड़े हैं। चारधाम यात्रा मार्ग अवरुद्ध होने से छह हजार तीर्थयात्री घंटों फंसे रहे। भारी वर्षा के अलर्ट को देखते हुए शनिवार को पर्यटकों को फूलों की घाटी नहीं भेजा गया। मौसम का असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा। दृश्यता कम होने के चलते देहरादून एयरपोर्ट से तीन उड़ान रद कर दी गई, जबकि एक को डायवर्ट किया गया। भारी वर्षा से चारधाम यात्रा मार्गों पर भूस्खलन का सिलसिला तेज हो गया है। इस कारण गौरीकुंड (केदारनाथ) राजमार्ग रुद्रप्रयाग में डोलिया देवी के समीप 20 घंटे तक अवरुद्ध रहा। इस दौरान 3,000 से अधिक तीर्थयात्री फंसे रहे। बदरीनाथ राजमार्ग मलबा आने से सात स्थानों पर करीब नौ घंटे बंद रहा, जिससे बदरीनाथ और हेमकुंड की यात्रा पर आए 2,000 से अधिक श्रद्धालु जहां-तहां फंस गए। उत्तरकाशी में गंगोत्री राजमार्ग हेल्गूगाड़ के पास मलबा आने से करीब तीन घंटे और यमुनोत्री राजमार्ग डाबरकोट के पास चार घंटे अवरुद्ध रहा। इस दौरान एक हजार से अधिक तीर्थयात्री फंसे रहे। पौड़ी जिले के कोटद्वार में मालन नदी पर बना तल्ला मौटाढाक हल्दूखाता वैकल्पिक मार्ग बह गया। नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य मलबा आने से अवरुद्ध है। इस कारण 200 से अधिक वाहनों में सवार यात्री दुगड्डा व कोटद्वार में फंसे हैं।

# अलकनंदा नदी में लगातार बढ़ रहा जलस्तर, अलर्ट जारी

ऋषिकेश। पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही वर्षा से गंगा तथा गंगा सहायक नदियों में उफान आ गया है। जिसका असर अब सीधे तौर पर गंगा के जलस्तर पर पड़ने लगा है। शनिवार को ऋषिकेश में गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा के निकट पहुंच गया। वहीं प्रशासन ने गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए गंगा के तटीय क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया है। त्रिवेणी घाट पर सुरक्षा की दृष्टि से एसडीआरएफ तथा पुलिस बल की तैनाती की गई है। पिछले कुछ दिनों से पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार वर्षा हो रही है। जिससे गंगा की सभी सहायक नदियों के जल प्रवाह में लगातार वृद्धि हो रही है। इन दिनों टिहरी बांध में पाउंडिंग के कारण भागीरथी का जलप्रवाह बेहद कम है। मगर, अलकनंदा नदी में लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। शनिवार सुबह से ही अलकनंदा में जलस्तर बढ़ने लगा था। जिससे ऋषिकेश में भी गंगा के जलस्तर में सुबह से ही वृद्धि होने लगी थी। शनिवार को रात्रि आठ बजे गंगा का जलस्तर 339.12 मीटर तक पहुंच गया था, जो ऋषिकेश में गंगा के चेतावनी



निशान 339.50 मीटर से महज 38 सेंटीमीटर नीचे था। केंद्रीय जल आयोग की ऋषिकेश चौकी के मुताबिक जलस्तर में प्रतिघंटा 10 सेमी तक की वृद्धि हो रही है। जिससे देर रात तक गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा तक भी पहुंच सकता है। उधर, गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने भी गंगा के तटीय इलाकों मे अलर्ट जारी कर दिया है। गंगा के निकट रह रहे लोगों को सचेत रहने की सलाह दी जा रही है। वहीं त्रिवेणी घाट तथा अन्य सार्वजनिक घाटों पर श्रद्धालुओं को आचमन व स्नान के लिए जाने से रोका जा रहा है। ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर पुलिस व एसडीआरएफ को तैनात किया गया है। गंगा में लगातार बढ़ रहे जलस्तर से अब ऋषिकेश तथा आसपास क्षेत्र के पक्के गंगा घाट भी जलमग्न होने लगे हैं। शनिवार शाम ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर गंगा का पानी आरती स्थल तक पहुंच गया। जिससे श्री गंगा सभा के साथ श्रद्धालुओं ने गंगा आरती पानी में ही खड़े रहकर की। लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए श्री गंगा सभा को भी आरती स्थल बदलने के लिए कहा गया है। जिसके बाद से गंगा सभा ने आरती स्थल पर लगे उपकरणों को शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। उधर, मुनिकीरेती, लक्ष्मण झूला व स्वार्गाश्रम क्षेत्र में भी पक्के गंगा घाट जलमग्न होने लगे हैं।उत्तराखंड जल विद्युत निगम की चीला जल विद्युत परियोजना में भी शनिवार को विद्युत उत्पादन ठप हो गया। गंगा में बढ़े जलस्तर के साथ बड़ी मात्रा में शिल्ट और गाद भी यहां पहुंच रहा है। जिससे बैराज जलाशय में शक्ति नहर का ट्रैस रैक चौक होने लगा है।

## पिथौरागढ़ और धारचूला में पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश, लकड़ी का पुल बहा

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ और धारचूला में पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में नदी-नाले, गधरे उफान पर हैं। सीमांत जिले में 20 सड़कें बंद है। धारचूला में काली और गोरी नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही हैं। रामगंगा का जलस्तर भी बढ़ गया है। दारमा घाटी के पंचाचूली ग्लेशियर से निकलने वाली न्योला नदी भी उफान पर बह रही है। इसे देखते हुए प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों को सावधान किया है। धारचूला क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के चलते तल्ला दारमा के तीजम गाड़ का जल स्तर बढ़ने से तीजम और वतन तोक को जोड़ने



वाली लकड़ी का पैदल पुल बह गया है। पुल बहने से 18 परिवारों का संपर्क टूट गया है। साथ ही 23 स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। दारमा घाटी के माइग्रेशन ग्राम बोन को जोड़ने के लिए च्युति गाड़ में बना पुल भी बारिश की भेंट चढ़ गया है। इसके चलते गांव के 30 परिवारों का संपर्क मुख्य सड़क से टूट गया है। पुल बहने की सूचना एसडीएम को दे दी है। उधर चीन सीमा को जोड़ने वाली तवाघाट-लिपुलेख सड़क मलबा, बोल्डर आने से पिछले छह दिन से बंद है।

# 'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना' का शुभारंभ

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र, नींबूवाला, देहरादून में 'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना' के लाभार्थियों को आयोडाईज्ड नमक वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के हर गरीब और समाज के अन्तिम छोर के व्यक्ति का जीवन बेहतर और सार्थक बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस योजना के तहत अंत्योदय और प्राथमिक परिवार योजना के लगभग 14 लाख राशन कार्ड धारकों को प्रति माह 8 रूपये प्रति किलो की दर से आयोडाईज्ड नमक उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत संपूर्ण देश में निःशुल्क राशन वितरण किया जा रहा है। यह योजना लगातार अगले 5 सालों तक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलती रहेगी। इस योजना के अंतर्गत उत्तराखण्ड के 14 लाख गरीब परिवारों को हर महीने मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनता को शुद्ध और बेहतर पोषणयुक्त राशन देने के लिए संकल्पबद्ध है। हमारी प्राथमिकता पारदर्शी प्रणाली को स्थापित करना है। उन्होंने कहा कुछ लोगों द्वारा फोर्टिफाइड चावल को प्लास्टिक का चावल बताकर आमजन को भ्रमित किया जा रहा था, जो कि पूर्ण रूप से असत्य है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं शहरों से लेकर पर्वतीय क्षेत्र के अंतिम गांव तक पहुंच रही हैं। राज्य में गरीबी रेखा से बाहर निकलने के मामले में पर्वतीय जनपदों का बेहतर प्रदर्शन है। राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ राज्य के प्रत्येक गरीब के विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या, प्रमुख सचिव खाद्य श्री एल फैनई, आयुक्त श्री एच.सी सेमवाल, अपर सचिव श्रीमती रुचि मोहन रयाल एवं खाद्य विभाग मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय खेलों की सभी तैयारियां सितम्बर तक पूर्ण करें : सीएम

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में उत्तराखण्ड में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेल की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय खेलों की सभी तैयारियां सितम्बर तक पूर्ण करते हुए इस आयोजन को 2024 में कराने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ से अनुमति की प्रक्रिया जल्द पूर्ण की जाए।उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से राज्य को खेल, साहसिक पर्यटन और अपनी सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक पहचान दिलाने का सुनहरा अवसर होगा। यह सुनिश्चत किया जाए कि देशभर से आने वाले खिलाड़ी एवं खेल गतिविधियों से जुड़े लोग देवभूमि उत्तराखण्ड से अच्छा संदेश लेकर जाएं।मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के लिए शहरी क्षेत्रों के अलावा पर्वतीय जनपदों में भी खेलों के लिए उपयुक्त स्थल चुने जाएं। यह सुनिश्चत किया जाए कि उत्तराखण्ड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय हों। विभिन्न स्थलों पर आयोजित होने वाले खेलों के लिए अवस्थापना संबंधी सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित तरीके से की जाए। विशेष प्रमुख सचिव श्री अमित सिन्हा ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारी दी कि 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन देहरादून, हल्द्वानी, हरिद्वार और रुद्रपुर के अलावा पर्वतीय जनपदों में भी कराएं जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 14 दिन किया जाएगा। खेलों का शुभारंभ देहरादून में और समापन हल्द्वानी में किया जायेगा। बैठक में खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्या, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री शैलेश बगोली, श्री सचिन कुर्वे, श्री. एच.सी. सेमवाल, खेल निदेशक श्री जितेन्द्र कुमार सोनकर एवं खेल विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।




**आवश्यकता है**

**4-5 एकाउंटेंट की।**
जिसे टैली और एक्सेल का 3 से 4 वर्ष का अनुभव हो।
(वेतन योग्यतानुसार)

-सम्पर्क करें-
**विनायक ट्रेडिंग फर्म**
गाबा चौक निकट संजीवनी हॉस्पिटल, काशीपुर रोड, रूद्रपुर, मो. 6396259554


# खाद्य पदार्थों के नमूनों में कमी मिलने पर कारोबारियों पर 2.60 लाख का जुर्माना

रूद्रपुर। जिला अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश चंद्र फुलारा ने बताया कि तीन मार्च 2023 को केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी गाजियाबाद की स्वाति कुमार ने किच्छा में फोर्टिफाइड चावल का नमूना लिया था। जो जांच के लिए द्वारका नई दिल्ली भेजा गया था। जांच रिपोर्ट में नमूने में विटामिन बी1, बी3, विटामिन बी6 और आयरन मात्रा से कम मिले। इस पर नौ अप्रैल 2024 को न्याय निर्णायक अधिकारी न्यायालय में वाद दायर किया गया। उन्होंने सुनवाई के बाद 1.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा टनकपुर रोड खटीमा में खाद्य कारोबारी के घटिया मावा बेचने पर 25 हजार रुपये, पुलभट्टा किच्छा में मिठाई विक्रेता पर 25 हजार रुपये, बरा किच्छा के खाद्य कारोबारी की मसूर दाल के फेल नमूने पर 25 हजार रुपये, सिसौना सितारगंज में साबुत धनिया के विक्रय करने पर 25 हजार रुपये एवं ठाकुरद्वारा रोड काशीपुर में कारोबारी के घटिया रसगुल्ले मिलने पर दस हजार रुपये जुर्माना डाला। डॉ. फुलारा ने कहा कि यदि किसी भी खाद्य कारोबारी ने एफएसएसए एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री नहीं की तो कार्रवाई की जाएगी।


**किराये हेतु**

- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 बीएचके और 3 बीएचके साइज के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015







# शक्तिफार्म के हरिचाँद मंदिर का सौंदर्यीकरण कराने की मांग

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।गुरुग्राम स्थित हरिचाँद गुरुचाँद धर्म मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात कर मंदिर के सौंदर्यीकरण सहित चार सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा। कैबिनेट मंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा कि गुरुग्राम में बना हरिचाँद गुरुचाँद धर्म मंदिर बहुत पुराना होने के कारण जीर्णशीर्ण अवस्था में पहुंच चुका है। हजारों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए आते है। ठहरने की उचित व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है। मंदिर स्थित



कामना सरोवर में पवित्र स्नान के पश्चात महिलाओं के लिए वस्त्र बदलने की भी उचित व्यवस्था नहीं है। समिति पदाधिकारियों ने मंदिर का सौंदर्यीकरण कराने, यात्री भवन बनाने, महिलाओं के लिए शेड बनाने और चहारदीवारी बनाने की मांग की। सौरभ बहुगुणा ने मुख्यमंत्री से मिलकर कार्यवाही कराने का भरोसा दिया। इस मौके पर अध्यक्ष जयन्त मण्डल, सचिव तापस मिस्त्री, प्राण बढ़ई, सुधांशु सिकदर, श्रीकान्त आदि थे।






# कुसुमखेड़ा चौराहे पर जल भराव होने के बाद मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही मूसलाधार बरसात की वजह से जहां एक ओर शहर के कई इलाकों में जल भराव की स्थिति पैदा हो रही है तो वही कुसुमखेड़ा चौराहे पर जल भराव होने के बाद मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई और तहसीलदार सचिन कुमार ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व टीम के साथ मिलकर जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए पानी को डायवर्ट करने के निर्देश दिए हैं और मौके पर ही काम शुरू करवाया है। उधर उप जिला अधिकारी परितोष वर्मा ने टीम सहित तीन पानी व अन्य जल भराव वाले इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ जल भराव के निकासी के लिए संबंधित विभागों काम करने के निर्देश दिए। वहीं दूसरी तरफ पहाड़ों में हो रही लगातार बरसात की वजह से गौला बैराज से 20700 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके साथ ही गौला नदी से सटे हुए शांतिपुरी इलाके तक लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही संवेदनशील नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है।



# सीडीओ ने की पीएमएफएमई योजना की समीक्षा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना (पीएम एफएमई) योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने योजना का सुचारु रुप से संचालन करने हेतु योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने एवं अधिक से अधिक उद्यामियों को योजना से जोड़ने हेतु निर्देश दिये। इसके उपरांत मुख्य विकासधिकारी ने पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत की गई प्रगति एवं दी गई राजसहायता की जानकारी ली। उन्होंने पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत लाभान्वित उद्यामियों से उनके द्वारा निर्मित उत्पादो एवं उत्पादों के विक्रय से संबंधित एवं उद्यम के संचालन में आ रही समस्याओं विपणन, कच्चा माल की उपलब्धता आदि पर भी उद्यमियों से जानकारियाँ ली। उद्यमियों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन भी किया गया।बैठक में मुख्य उद्यान अधिकारी, भावना जोशी, सहायक परियोजना निदेशक, संगीता आर्या, स्टेट लीड-पीएमएफएमई एवं योजना से संबंधित समस्त विभागीय कर्मचारियों, जिला रिसोर्स पर्सन, संबंधित बैंक प्रतिनिधियों एवं योजनान्तर्गत लाभान्वित उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# सड़कों को तत्काल खोलने की व्यवस्था की जाए : सीएम

**मुख्यमंत्री ने दिए राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से सभी जनपदों की सतत निगरानी रखने के निर्देश**
**आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए जिला और तहसील प्रशासन को 24 घंटे अलर्ट पर रखें**
**सभी जनपदों में मौसम विभाग की चेतावनी के आधार पर ही स्कूलों को खोलने और बंद करने का निर्णय करें**

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंप कार्यालय में गढ़वाल कमिश्नर और वर्चुअल माध्यम से जुड़े कुमाऊं कमिश्नर के साथ बैठक कर भारी बारिश के बाद प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर परिस्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए जिला और तहसील प्रशासन को 24 घंटे अलर्ट पर रखा जाए। जलभराव की स्थिति में आपदा प्रभावितों के रहने और खाने का उचित प्रबंधन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तहसील स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम से भी लगातार संपर्क बनाकर रखा जाए साथ ही सड़कों के मुख्यमंत्री की स्थिति में उन्हें तत्काल खोलने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने मौसम विभाग की चेतावनी एवं स्थानीय मौसम संबंधी गतिविधियों के आधार पर ही स्कूलों को खोलने और बंद करने का निर्णय लेने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी



ने रविवार को मौसम विभाग द्वारा राज्य के नौ जनपदों में भारी से बहुत भारी वर्षा के पूर्वानुमान को लेकर सभी संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों से भी भारी बारिश के चलते संभावित आपदाओं के दृष्टिगत सावधानी बरतने तथा सुरक्षित स्थलों पर रहने की अपील की है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन तथा आपदा प्रबंधन विभाग से जुड़े अन्य अधिकारियों को यूएसडीएमए के राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से सभी जनपदों की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र और जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र में जैसे ही आपदा को लेकर कोई भी सूचना आए तो उस पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाए। गौरतलब है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 07 जुलाई रविवार को अल्मोड़ा, बागेश्वर, चम्पावत, नैनीताल, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर जनपद में अनेक जगह भारी से बहुत भारी वर्षा तथा कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। इसके अलावा पौड़ी, चमोली और रुद्रप्रयाग जनपद में कहीं-कहीं बहुत भारी से अत्यंत भारी बारिश तथा कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने का पूर्वानुमान जताया है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी संबंधित जिलाधिकारियों को प्रत्येक स्तर पर तत्परता एवं आम लोगों के जान-माल की सुरक्षा हेतु हर संभव एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में उससे प्रभावी तरीके से निपटा जाए। मार्ग बाधित होने पर तत्काल उसे खुलवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संभावित आपदा के दृष्टिगत सभी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, खाद्य तथा मेडिकल टीम को हर स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को भी आपसी सामंजस्य बनाते हुए हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड के आम जनमानस के लिए जारी अपनी संदेश में कहा है कि लोग अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। खतरे वाली जगहों पर न जाएं और बहुत जरूरी हो तभी आवागमन करें। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आपदाओं से कम से कम जान-माल का नुकसान हो। सरकार तथा विभिन्न विभागों के स्तर पर तैयारियां पूरी हैं और चुनौतीपूर्ण से चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने लिए सरकारी की पूरी तैयारी है। उन्होंने बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों से खास तौर पर एहतियात बरतने की अपील की है।

# सभी अधिकारी जलभराव वाले क्षेत्रों में स्वयं निरीक्षण करें : डीएम

**नैनीताल जिले में भारी बारिश का रेड अलर्ट: नदी और नालों के तटवर्ती एवं संवेदनशील इलाके में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील**

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल जिले में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट वंदना सिंह ने बताया कि प्रशासन ने लोगों को सतर्क और सुरक्षित रहने की अपील की है। खासकर हल्द्वानी के 'रकसिया नाला, कलसिया नाला, देवखड़ी नाला, और गौला के तटवर्ती क्षेत्र' में रह रहे लोगों से तत्काल सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई ने बताया कि मौसम विभाग के भारी से भारी बारिश होने के अलर्ट के बाद लगातार लोगों से अपील की जा रही है। इसके अलावा हल्द्वानी चोरगलिया मार्ग और हल्द्वानी कालाढूंगी रामनगर मार्ग में पढ़ने वाले रपटे, गधेरे और नालों में लोगों से सावधानी पूर्वक जाने की अपील की गई है। डीएम ने कहा कि भारी बारिश से पर्वतीय मार्गों पर भूस्खलन की संभावनाएं हैं अतः आम जनता से अपील है कि अति आवश्यक न हो तो पहाड़ी मार्गों पर यात्रा करने से बचें और नदी, नालों, रपटों से उचित दूरी रखें। समस्त अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया है कि अपनी संवेदनशील सड़कों पर लगी मशीनों और भूस्खलन वाले स्थानों पर स्वयं विजिट करें, सभी टीमों को फील्ड में लगाएं। सिंचाई विभाग के सभी अधिकारी जलभराव वाले क्षेत्रों में स्वयं



निरीक्षण करें, पर्याप्त मात्रा में पंप और मशीनों की व्यवस्था करें। राजस्व विभाग के अधिकारी तहसीलदार/नायब तहसीलदार अपने क्षेत्रों के संवेदनशील ग्रामों में संपर्क स्थापित करते हुए प्रत्येक दो घंटे में कुशलता लेते रहें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी अलर्ट रहें। आशा कार्यकर्ता के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में बीमार और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहें। किसी भी इमरजेंसी में तत्काल अपने एसडीएम/तहसीलदार और आपदा कंट्रोल रूम से संपर्क करें। डीएम ने समस्त उपजिलाधिकारी को स्वयं सभी विभागों से समन्वय कर इन निर्देशों का पालन करवाने के निर्देश दिये है। उन्होंने ने बताया कि आपदा से सम्बन्धित सूचानाओं को प्राप्त किये जाने एवं सर्व सम्बन्धित को कार्यवाही हेतु सूचित किये जाने हेतु जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र नैनीताल में वैकल्पिक दूरभाष नम्बर 05942-356712 तथा जीओ नेटवर्क मो0 न0 8433092458 इन नम्बरों पर आपदा से सम्बन्धित सूचना आदान-प्रदान कर सकते है। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि सभी थाने चौकियो के माध्यम से भी लोगों को सतर्क व सुरक्षित रहने के साथ ही नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों में जाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा आपदा प्रबंधन सहित सभी संबंधित विभागों व उनके अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। और किसी भी दशा में मोबाइल फोन बंद न करने को कहा गया है। साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी और तहसीलदार निरंतर अपने क्षेत्र में बरसात से होने वाली स्थितियों के मद्देनजर फील्ड में मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# सरकारी विद्यालयों में चार मोबाईल सांइस लैब सुविधा की सौगात मिली

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से चार मोबाइल सांइस लैब की सौगात दी गई है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में पहले मोबाइल सांइस लैब के विज्ञान मॉडलों का अवलोकन कर मोबाइल साइंस लैब को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विज्ञान मॉडलों को प्रदर्शित कर रहें पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज भीमावाला के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद भी स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश



के दूर-दराज के क्षेत्रों में मोबाइल साइंस लैब की उपलब्धता छात्रों को विज्ञान की आधुनिकता से जोड़ने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि इसके विज्ञान आधारित विषयों की जानकारी मोबाइल वेन के माध्यम से छात्रों को उपलब्ध होगी, उन्होंने इस योजना को छात्रों के व्यापक हित में बताया। यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने बताया कि लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से राज्य के ग्रामीण/दूरस्थ क्षेत्रों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने और विज्ञान संचार गतिविधियों को बढ़ावा देने कार्य किया जाना है। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिव श्री नितेश झा, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी ने भी लैब ऑन व्हील्स में प्रदर्शित विभिन्न विज्ञान आधारित मॉडलों का अवलोकन किया एवं छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। इस दौरान डा. पीयूष जोशी, विकास नौटियाल, प्रहलाद अधिकारी एवं सहयोगी संस्था अगस्त्या इंटरनेशनल से शिव कुमार, विकास तिवारी, भीमावाला इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. एस.के अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# आपदा से निपटने के लिए तैयार रहें अधिकारी: डीएम

**जिलाधिकारी ने सिचांई विभाग को नदी नालों की सफाई कराने व नगर निगम को लगातार नाली और नालों की सफाई कराने के साथ ही मोबाईल टीमें तैनात करने के निर्देश दिये**

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि मानसून प्रारम्भ हो चुका है मौसम विज्ञान विभाग द्वारा लगातार मौसम की पूर्वानुमान चेतावनी जारी की जा रही है इसलिए सभी अधिकारी संजीदा होकर अलर्ट मोड पर रहे साथ ही उपलब्ध संसाधनों को भी तैयार रखे। कलेक्ट्रेट सभागार मे दैवीय आपदा (बाढ़) तैयारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए जिलाधिकारी श्री सिंह ने अधिकारियों को दैवीय आपदा से निपटने के लिये तैयार रहने के निर्देश दिये साथ ही कहा सभी अधिकारी सजग रहे व 24 घंटे फोन अनिवार्य रूप से खुला रखेगें। उन्होने कहा कि मानसून बारिश शुरू हो चुकी है कही पर जो कमियां सामने आयी है सभी संबंधित अधिकारी जमीनी स्तर पर निरीक्षण करें दुबारा से सभी आवश्यक तैयारियां कर लें, तथा ऐसे क्षेत्र जहॉं पर पिछले वर्षो मे जलभराव एवं बाढ का अधिक प्रभाव रहा है वहॉं पर सुरक्षात्मक कार्यो पर अधिक ध्यान दिया जाये। उन्होने कहा कि इस सम्बन्ध मे सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रो मे पुलिस अधिकारियो, सिंचाई, लोनिवि, नगर पालिका,



नगर पंचायत, नगर निगम से समन्वय बनाकर कार्य करते रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि गतवर्ष काशीपुर, बाजपुर, सितारगंज तथा खटीमा आदि क्षेत्र में बाढ़ एवं जल भराव हुआ था उसको देखते हुये अभी से कम करने हेतु कार्य करें तथा बाढ़, जल भराव सम्भावित क्षेत्रों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा को रोका नहीं जा सकता लेकिन आपसी तालमेल व कार्य के प्रति कर्मठ व तत्परता से कार्य करने पर उससे होने वाली क्षति को कम जरूर किया जा सकता है। उन्होने कहा कि तहसीलों में स्थापित सभी कन्ट्रोल रूम, बाढ़ चौकियां, बाढ़ नियंत्रण केन्द्र सक्रियता से कार्य करें तथा सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान करे ताकि आपदा राहत कार्य शीघ्रता से किये जा सकें। उन्होने सिचांई विभाग को नदी नालों की सफाई कराने व उनमे पैनी नजर रखने के साथ ही नगर निगम को लगातार नाली, नालों की सफाई कराने के साथ ही मोबाईल टीमें तैनात करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि आपदा के कार्य जो किये जा रहे है या किये जायेगें उनके कार्य के पूर्व व बाद के फोटोग्राफी अवश्य करायी जाये। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को जीर्ण-क्षीण विद्यालय भवनों को चिन्हित करने के साथ ही उनमे विद्यार्थियों का पठन-पाठन कतई न कराने के निर्देश दिये। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को जल जनित बीमारियों की पर्याप्त मात्र में दवाईयां प्रत्येक चिकित्सालयों के साथ ही बाढ़/जल भराव सम्भावित क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रखने के निर्देश दिये साथ ही उपलब्ध दवाई भण्डारण की सूचना सभी एसडीएम, खण्ड विकास अधिकारी, आपदा कन्ट्रोल रूम आदि को देना भी सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि वर्षा काल में सर्प दंश मामले भी अधिकांश रहते है इसलिए चिकित्सालयों में पर्याप्त स्नैक एन्टीवेनम रखने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज शर्मा, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 एसबी पाण्डे, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि ओपी सिंह, सिंचाई पीसी पाण्डे, जल संस्थान तरूण शर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध मौजूद थे व वर्चुअल के माध्यम से सभी उप जिलाधिकारी, ईओ व विभागीय अधिकारी जुड़े थे।

# वर्षा के दौरान संवेदनशील स्थानों पर बरतें सतर्कता: रावत

**जन सुनवाई में अनेक समस्याओं का किया समाधान**

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कैम्प कार्यालय में आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को जन सुनवाई कर मौके पर शिकायतों का समाधान किया। जन शिकायतों में अधिकांश शिकायतें, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद व अतिक्रमण, सडक आदि से सम्बन्धित आई। जन सुनवाई में आम जनमानस की मुख्यतया: भूमि विवाद, सडक, अतिक्रमण, राशन कार्ड, ब्याज पर धनराशि देने आदि की समस्याओं का आयुक्त ने मौके पर समाधान किया गया। काफी समय से लम्बित भूमि विवाद की समस्याओं में धनराशि व भूमि वापस मिलने पर लोगों द्वारा आयुक्त का आभार व्यक्त किया। जन सुनवाई में आयुक्त श्री रावत ने कहा कि जो लोग भूमि क्रय करते है भूमि की रजिस्ट्री के पश्चात दाखिल खारिज भी अवश्य करा लें। इससे भविष्य में होने वाली अनावश्यक परेशानियों से बचा जा सकता है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पीडित परिवारों को बिना किसी परेशानी के तत्काल राहत एवं बचाव कार्यों के साथ ही सहायता राशि मुहैया कराई जाए। आयुक्त श्री रावत ने कि कहा तीव्र वर्षा के दौरान जलप्रवाह बढने से नालों, रपटों में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर बैरियर लगाकर आवागमन प्रतिबंधित किया जाए तथा संवेदन शील स्थानों पर जेसीबी एवं टैक्टर की तैनाती भी करने के निर्देश सभी जिलाधिकारियों को दिये। जन सुनवाई में दीपक कुमार हल्द्वानी निवासी ने बताया कि वह पशुपति लैमिनेटर्स प्रालि काशीपुर में कार्यरत करते थे। कुछ माह पूर्व उनके द्वारा कार्य छोड दिया। कम्पनी द्वारा एक माह का वेतन व ग्रेच्युटी नही दी गई। बार-बार कम्पनी के निदेशक एवं प्रबन्धक को लिखित में अवगत कराया लेकिन आतिथि तक कोई कार्यवाही नही हुई है। आयुक्त ने मामले का संज्ञान लेते हुए अगले सप्ताह कंपनी के निदेशक और प्रबंधक को तलब किया है जिससे प्रभावित को उनकी ग्रेच्युटी और वेतन दिलाया जा सके। विगत जन सुनवाई में श्रीमती कमला उपाध्याय ने आवासीय परिसर से विद्युत लाईन स्थानान्तरित कराने का अनुरोध किया। जिस पर आयुक्त ने जनसुनवाई मे मौके पर यूपीसीएल के अधिकारियों और फरियादी को बुलाया था। विद्युत विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि फरियादी के मकान से पूर्व विभाग की विद्युत लाइन थी। नियमानुसार विभाग के द्वारा विभागीय खर्चे से लाइन स्थानांतरित नहीं की जा सकती है। फरियादी लाइन स्थानांतरित चाहते है तो उन्हे स्वयं के खर्चे से लाइन स्थानांतरित करनी होगी। जिसकी डीपीआर तैयार कर फरियादी को उपलब्ध करा दी है। जनसुनवाई में किरन खोलिया निवासी हल्दूचौड ने बताया कि उनकी दिव्यांग की पेंशन पहले मिल रही थी वह वर्तमान में नही मिल रही है। जिस जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि 18 वर्ष के बाद पेंशन स्वत: समाप्त हो जाती है। पुन: पेंशन हेतु इन्हें ऑनलाईन आवेदन करना होगा जिस पर आयुक्त ने फरियादी को सीएससी से ऑनलाइन आवेदन करने की बात कही। जन सुनवाई में शाइस्ता रेहमान बनभूलपुरा ने वर पक्ष से स्त्री धन वापस दिलवाने का अनुरोध किया। घनश्याम सिंह पुत्र मोहन निवाड़ी कालाढूगी ने अवैध कब्जा हटाने का अनुरोध किया। चन्द्र प्रकाश पुत्र मनोज कुमार निवासी नाथूजाला कोटाबाग ने प्रार्थी व प्रार्थी की माताजी को हमारे हक व अधिकार से वंचित कर देने के सम्बन्ध में बताया। साथ ही नरेन्द्र सिंह निवासी मुखानी ने बताया कि संजय सिह हिम्मतपुर मल्ला द्वारा धनराशि की धोखाधडी की शिकायत की। जिस पर आयुक्त ने दोनो को कार्यालय में तलब कर मौके पर समाधान किया।



# जयंती पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जनसंघ के संस्थापक, भाजपा के प्रेरणा पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जंयती पर नगर निगम रुद्रपुर के निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान एवं भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिंह कालोनी में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।इस अवसरपर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि इस अवसर पर निर्वतमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, शिक्षाविद, चिंतक और जनसंघ के संस्थापक थे। वे मानवता के उपासक एवं सिद्धांतवादी थे। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पहले व्यक्ति थे जिन्होंने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा दिए जाने के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। डॉ- मुखर्जी देश के प्रथम उद्योग मंत्री थे।राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। बहुत कम उम्र में वे कलकत्ता विश्व विद्यालय के कुलपति बन गए थे। डॉ. मुखर्जी जम्मू- कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उन्होंने 1951 में भारतीय जन संघ की नींव रखी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। वह समाज के लिए आदर्श पुरूष थे।किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के लिए देश की अखंडता और एकता से बढ़कर कुछ नहीं था। जम्मू-कश्मीर में एक निशान, एक विधान, एक प्रधान के लिए उन्होंने अपने प्राणों तक की आहुति दे दी। राष्ट्र-कल्याण से लेकर शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए उनके विचार सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। उनके योगदान को देश कभी भुला नहीं पाएगा। प्रदेश सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ भाजपा भारत भूषण चुघ ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन में जो कार्य किए वे उस समय से बहुत आगे के थे। उन्हीं के प्रयासों से ही आज पश्चिम बंगाल और कश्मीर भारत के अभिन्न अंग हैं। देश डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को सदैव स्मरण करता रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रकाश गुप्ता, ठाकुर जगदीश सिंह देवेन्द्र सिंह बामल केशव शर्मा परवेज खान, हिमांशु शुक्ला,रोशन अरोड़ा,सतपाल गंगवार, सुशील चौहान, अक्षय गहलोद, मदन लाल शर्मा, विपिन पांडे, मानसिंह, रामचंद्र मौर्य,डालचंद मौर्य, भूपेंद्र आदि मौजूद थे।



# लाइफ सेविंग सर्जरी से माया को मिला नया जीवन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पटपड़गंज के डॉक्टरों ने केंसर पीड़ित 39 वर्षीय महिला माया पंत की लाइफ सेविंग सर्जरी सफलतापूर्वक का उसे नया जीवन प्रदान किया। डॉक्टर नितिन ने बताया कि माया पंत को पेट में गड़बड़ी की शिकायत के साथ मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पटपड़गंज में भर्ती कराया गया था। डिटेल में जांच पड़ताल के बाद उनके पूरे पेट के सीईसीटी स्कैन में ओवेरियन नियोप्लाज्म का पता चला। घातक ट्यूमर को हटाने के लिए एडवांस रोबोटिक तकनीक से सफल सर्जरी की गई। माया पंत ने कहा आज वह कैंसर-मुक्त हैं और उन्हें नया जीवन मिला है।




# पर्यवेक्षक दल ने किया संस्कृत महाविद्यालय का निरीक्षण

हल्द्वानी। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पर्यवेक्षक दल द्वारा श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय रेलवे बाजार में निरीक्षण किया गया। जिसमें भौतिक एवं अन्य प्रलेखों का निरीक्षण करते हुये दल के अध्यक्ष प्रोफेसर मदनमोहन झा ने बताया कि दल का उद्देश्य श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में शास्त्री की मान्यता प्रदान करने के सम्बन्ध में है। निरीक्षण दल में प्रोफेसर आरएल नारायण सिम्हा, सदस्य, डाक्टर देवानन्द शुक्ल, सदस्य सचिव शामिल रहे। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने दल का आभार व्यक्त करते हुये आशान्वित होकर कहा कि श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय को शास्त्री की मान्यता प्रदान करने हेतु शीघ्र ही चयन किये जाने की आशा है। निरीक्षण के समय कीर्ति बल्लभ कलौनी, डाक्टर नारायण दत्त थुवाल,मोहित जोशी, जानकी त्रिपाठी, आरती त्रिपाठी, दीपचन्द्र जोशी,रजनी बेलवाल, साकेत पाठक सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# सचिव ने किया जमरानी बांध परियोजना का स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में शनिवार को सचिव सिंचाई डॉ आर. राजेश कुमार ने जमरानी बांध बहुद्देश्यीय परियोजना के बांध स्थल का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि 3 जुलाई को मुख्यमंत्री द्वारा सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक की गई थी जिसमें उन्होंने निर्देशित किया था कि अधिकारी ग्राउंड जीरो पर जाकर सिंचाई विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण करें। जिसके क्रम में सचिव सिंचाई डॉ आर राजेश द्वारा हल्द्वानी में निर्माणाधीन जमरानी बांध परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि जमरानी बांध परियोजना, राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। निरीक्षण में परियोजना के उपमहाप्रबन्धक बीबी पाण्डे द्वारा अवगत कराया गया कि जमरानी बांध बहुउददेशीय परियोजना के अन्तर्गत 150.6 मीटर ऊंचाई के कंक्रीट ग्रेविटी बांध का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। परियोजना से उत्तराखण्ड राज्य के जनपद नैनीताल को वार्षिक 42.70 एमसीएम पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त परियोजना से उत्तराखण्ड राज्य के जनपद नैनीताल, उधमसिंह नगर तथा उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद बरेली व रामपुर के 57066 है. क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा भी मिलेगी। परियोजना के वित्त पोषण हेतु भारत सरकार व राज्य सरकार के मध्य एमओयू हरताक्षरित किया गया है। परियोजना निर्माण के लिए भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु प्रथम किशत के रूप में 157.50 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई है। राज्य सरकार द्वारा परियोजना के पुनर्वास कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में 200.00 करोड रूपए की धनराशि अवमुक्त की गई है। परियोजना अधिकारियों को पुनर्वास कार्यों के सम्पादन हेतु जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर गति लाने हेतु निर्देशित किया गया।स्थलीय निरीक्षण के दौरान ललित कुमार, प्रबंधक अजय पंत,पंकज ढौंडियाल , हिमांशु पंत आदि व बांध निर्माण एजेन्सी एफकान्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के परियोजना प्रबन्धकउमेश कुमार अग्रवाल व अन्यअधिकारी उपस्थित रहे।



# लक्ष्मण बने सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ (जोन 376) की प्रदेश कार्यकारणी सभा नगर निगम काशीपुर क्लब हाउस में आयोजित हुई। जिसमे संगठन को मजबूत करने का आहवान किया गया। बैठक में संगठन को मजबूतकरने के लिए प्रत्येक पदाधिकारी व जिलाध्यक्षों को अपने अपने क्षेत्रों की शाखाओं को मजबूत करने का दायित्व सौंपा गया। प्रत्येक माह दो बार जूम मीटिंग करने का प्रस्ताव पास किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह और महासचिव राजपाल पवार द्वारा लक्ष्मण चौहान के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया और उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष का मनोनयन प्रमाण पत्र दिया गया। देव भूमि सफाई कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारियों ने लक्ष्मण चौहान का फूल माला पहनाकर स्वागत कर उन्हें शुभकामनाए दी। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष मुकेश राजौरिया, महामंत्री सुरेश मुलतानी और उनकी पूरी टीम ने फूल माला पहनाकर तथा मिठाई वितरण करके लक्ष्मण चौहान के साथ प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर जिला उपाध्याक्ष रंजीत मसीह,जिला महासचिव सुनील कुमार ने भी नव मनोनीत उद्देश उपाध्यक्ष का स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण चौहान ने भरोसा दिया कि पूर्व दिये गये माँग पद पर शामन में वार्ता करेंगे। यदि संघ की मांगों को पूरा नहीं किया जाता है। तो देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ पूर्व की भांति पूरे उताखण्ड में आदोलन करेगा। बैठक में अमित कुमार, मुकेश भगत, सुनील उर्फ सनी, विक्की, गोविन्दा. सूरज आजाद, संदीप आजाद, रंजीत, राजपाल चौधरी, रघुवीर, राजपाल, अनिल आदि मौजूद थे।



# नदियों से हो रहे भू कटाव का डीएम ने लिया जायजा

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। मौसम विभाग से जारी चेतावनी के दृष्टिगत जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शनिवार को तहसील सितारगंज के अन्तर्गत बैगुल डैम से निकलने वाली अपर स्ट्रीम बैगुल फीडर ,बैगुल नदी एवं चीकाघाट पर कैलाश नदी से हो रहे भूकटाव का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने नदी से हो रहे भूकटाव को रोके जाने हेतु उप जिलाधिकारी सितारगंज एवं अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सितारगंज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्तमान मे जनपद मे मध्यम वर्षा हो रही है नदियों का जल स्तर सामान्य है किसी भी नुकसान की कोई सूचना नहीं है फिर भी उन्होंने उपजिलाधिकारी, तहसीदार एवं अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को नदियों के जल स्तर,जलभराव एव भूकटाव पर पैनी नजर रखनेके निर्देश मौके पर दिये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी रविन्द्र जुवांटा,अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड,सितारगंज आनंद सिंह, तहसीदान पूजा शर्मा,जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी आदि थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# सीमाओं का सम्मान

भारत और चीन पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को जल्द से जल्द हल करने पर सहमत हुए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गत गुरुवार को कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ बैठक कर इस मसले पर विस्तार से बातचीत की। इस दौरान भारत ने अपना रुख दोहराते हुए कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान करने के साथ ही सीमा पर शांति बहाली आवश्यक है। इससे दोनों देशों के बीच सीमा पर हालात सामान्य होने और द्विपक्षीय संबंधों में सुधार को लेकर उम्मीद की एक नई किरण नजर आई है।दरअसल, विदेश मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष के साथ वार्ता में साफ कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध पारस्परिक सम्मान, आपसी हित और संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सीमा पर शांति और द्विपक्षीय संबंधों में स्थिरता तभी आएगी, जब सीमा प्रबंधन के लिए अतीत में दोनों पक्षों के बीच हुए द्विपक्षीय समझौतों और नियमों का पूरी तरह पालन किया जाएगा।भारत-चीन के बीच एलएसी पर शांति बनाए रखने के लिए अतीत में कई समझौते हुए हैं, जिनमें यह बात भी शामिल रही कि कोई भी देश सीमा विवाद को लेकर एक-दूसरे के खिलाफ सेना या किसी अन्य तरह के बल का प्रयोग नहीं करेगा और एलएसी के जिन इलाकों को लेकर सहमति नहीं बनी है, वहां सैन्य गश्त नहीं होगी। दोनों देशों की सीमा पर यथास्थिति बनी रहेगी। मगर सवाल है कि क्या चीन की ओर से इन बातों पर अमल को लेकर कभी गंभीरता दिखाई गई? यह छिपा नहीं है कि चीन की सेना की ओर से समय-समय पर इन समझौतों का उल्लंघन किया जाता रहा है, सीमा पर गलत तरीके से घुसपैठ करके भारत के लिए मुश्किल पैदा करने की कोशिश की जाती रही है। मई, 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी की घटना चीन की इसी हरकत का नतीजा थी, जब चीनी सेना समझौते को तोड़कर पूर्वी लद्दाख में निर्धारित बिंदुओं से आगे बढ़कर गश्त करने पहुंच गई थी। भारतीय सुरक्षाबलों ने इसका विरोध किया और दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। तब से लेकर पूर्वी लद्दाख में गतिरोध बरकरार है। अरुणाचल प्रदेश में चीन की दखलअंदाजी छिपी नहीं रही है। ऐसा नहीं कि इस गतिरोध को खत्म करने के प्रयास नहीं हुए। हालांकि दोनों पक्ष टकराव वाले कुछ क्षेत्रों से पीछे हटे हैं, पर चीन की चालबाजी से ये प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पाए हैं। इस मसले पर दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर की कई दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन इनका कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया है। भारत-चीन के सैन्य कमांडरों के बीच पिछली वार्ता इसी साल फरवरी में हुई थी, जिसमें दोनों पक्ष सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हुए, लेकिन गतिरोध के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। अब भारत-चीन के विदेश मंत्रियों के बीच वार्ता के जरिए नए सिरे से कूटनीतिक प्रयासों ने इस मसले को सुलझाने के लिए नया आधार दिया है। इस बैठक में दोनों पक्ष इस बात पर भी सहमत हुए कि सीमा क्षेत्रों में वर्तमान में जो हालात हैं, उन्हें लंबा खींचना किसी के भी हित में नहीं है।

# राजभवन में परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित

देहरादून(उद संवाददाता)। राजभवन ऑडिटोरियम में समस्त कार्मिकों एवं उनके परिजनों हेतु परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कार्मिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों की





व्यक्तिगत एवं कार्यालय संबंधी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उपस्थित कई सदस्यों द्वारा राज्यपाल को अपनी व्यक्तिगत एवं कार्यालयी समस्याओं से अवगत कराया गया। राज्यपाल द्वारा उन समस्याओं के निदान का आश्वासन देते हुए उन समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया गया। राज्यपाल ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि राजभवन में कार्य करने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी एक परिवार के रूप में हैं। उन्होंने कहा कि परिवार के किसी भी सदस्य की समस्या मेरी समस्या है जिनका निदान करना मेरी प्राथमिकताओं में रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कार्मिक राजभवन की गरिमा, सम्मान एवं प्रतिष्ठा के अनुसार अपना व्यवहार बनाए रखें एवं निष्ठा से कार्यों का संपादन करें। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि सभी कर्मी बड़ी शिद्दत एवं मनोयोग से कार्य करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक शासकीय कार्मिक अपने कार्यों को पूरी श्रद्धा एवं ईमानदारी से करते हुए अपने कार्यों में उत्कृष्टता लाएं और अपने उत्तरदायित्वों के प्रति खरा उतरने का प्रयास करें। प्रत्येक कार्मिक अपनी जिम्मेदारी को समझें और अच्छे तरीके से अपने कार्यों का संपादन करते रहें। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन कर्मियों के परिवारों की सुविधा के मद्देनजर परिसर में फैमली वेलफेयर सेंटर बनाया जा रहा है जिसमें राजभवन में कार्यरत कार्मिकों के बच्चों एवं महिलाओं को विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार प्रशिक्षण भी दिए जायेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि राजभवन के किसी भी कार्मिक या उनके परिजनों को शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो निःसंकोच बता सकते हैं, उन्होंने कार्मिकों से अपील की कि अपना एवं अपने परिजनों का शैक्षणिक स्तर बढ़ाते रहें जिसके लिए पूरा सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन ने कहा कि राज्यपाल की प्रेरणा से परिवार मिलन कार्यक्रम एक सराहनीय पहल है। इसके माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी बात सीधे अपने मुखिया तक पहुंचाने का मंच मिलता है। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, विधि परामर्शी श्री राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक श्री राज्यपाल डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

# विधायक सुमित ने वर्कशॉप रोड का लिया जायजा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत कुछ दिनों पूर्व हुए भारी बारिश के बाद तिकोनिया स्थित वर्कशॉप लेन रोड क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके पश्चात विधायक सुमित हृदयेश ने तिकोनिया पहुँचकर क्षतिग्रस्त रोड का जायजा लिया। विधायक सुमित हृदयेश ने आसपास कार्य करने वाले व्यापारियों की पीड़ा देखकर तुरंत सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जल्द से जल्द इस कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करे जिससे वहाँ के व्यापारियों को बेवजह दिक्कध्तों का सामना ना करना पड़े।



# शेर नाला और सूर्या नाला उफान पर आने से चोरगलिया मार्ग बंद

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।भारी बारिश के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त है कई नदी और नाले उफान पर चल रहे है। भारी बारिश के चलते चोरगलिया-हल्द्वानी मार्ग पर स्थित शेर नाला और सूर्या नाला में जल स्तर बढ़ने से मोटर मार्ग बंद किया गया है। यातायात को खेड़ा गौलापार से डायवर्ट कर वाया लालकुआं भेजा जा रहा है। पुलिस ने अपील कि है कि सभी यात्री स्थिति सामान्य होने पर ही अपनी यात्रा करें अथवा अन्य मार्गों का उपयोग कर गंतव्य को प्रस्थान करें।



# कोलकता में उत्तराखंड के पर्यटकों का प्रचार प्रसार कर रहे जोशी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कौसानी के प्रमुख होटल व्यवसायी व उत्तराखंड टूरिज्म बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बीडी जोशी इन दिनों कोलकता में आयोजित राष्टीय टूरिज्म फेयर में पहाड़ के पर्यटन का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। 80 वर्ष की उम्र में श्री जोशी के इस कार्य की युवाओं ने प्रशंसा की है। भारत सरकार द्वारा छह जुलाई से आठ जुलाई तक कोलकता में इंडिया टूरिज्म फेयर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें



कौसानी से एकमात्र होटल व्यवसायी बीडी जोशी द्वारा स्टाल लगाकर कौसानी समेत पहाड़ के विभिन्न पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जा रही है। उनके द्वारा पहाड़ में सरकार के सहयोग से गांवों में युवाओं द्वारा बनाए गए होम स्टे की जानकारी दी जा रही है इसके साथ ही यहां के मोटा अनाज आदि की जानकारी दी जा रही है।बता दें कि कौसानी में होटल जीतू के स्वामी वर्तमान में 80 साल के हैं तथा कौसानी में पर्यटन व्यवसाय के योगदान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री जोशी इससे पूर्व उत्तराखंड सरकार में उत्तराखंड टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस उम्र में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की होटल व्यवसायियों ने सराहना की है।

# पौधरोपण कर मनाई जनसंघ संस्थापक मुखर्जी की जयंती

बागेश्वर(उद संवाददाता)।महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रखर राष्ट्रवादी महान शिक्षाविद भारतीय जन संघ के संस्थापक सदस्य डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई।भाजपा जिलाअध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती में उन्हें याद कर उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। डॉ मुखर्जी की स्मृति में वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा के सौजन्य से भाजपा कार्यालय में वृक्षारोपण किया गया। भाजपाइयों ने डॉक्टर मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।वही उन्हें महान स्वतंत्रता सेनानी बताते हुए देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाने



में उनके योगदान से लेकर जनसंघ की स्थापना करने की जीवनी को याद किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद करते हुए कहा कि जनसंघ की स्थापना में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए उनके द्वारा दिए गए योगदान अतुलनीय था, वे,सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। उन्होने बहुत से गैर कांग्रेसी हिन्दुओं की मदद से पहले कृषक प्रजा पार्टी से मिलकर प्रगतिशील गठबन्धन का निर्माण किया। और सरकार में वे वित्तमन्त्री बने। इसी समय वे वीर सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिन्दू महासभा में सम्मिलित हुए।उन्होंने अपनी विशिष्ट रणनीति से बंगाल के विभाजन की मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया।वही देश को स्वच्छ लोकतंत्र के निर्माण के लिए विपक्ष की भूमिका में जनसंघ पार्टी बनाकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करना शुरू कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्वपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार जिला मंत्री रवि करायत,नगर अध्यक्ष रमेश तिवारी जिला मीडिया प्रकाश शाह, दयाल काण्डपाल,नगर महामंत्री संजय नेगी,दीपक रौतेला खड़क सिंह दफौटी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सड़क, पुल और नाली की समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र की सड़क पुल और नाली की समस्याओं का लम्बे समय से मांग करने के बाद समाधान नही होने से कांग्रेस नेता नाराज है।कांग्रेस के जिला महामंत्री कवि जोशी ने लोनिवि अधिकारियों को अब सड़क से लेकर सड़कों के निर्माण में हुई हीलाहवाली और अनदेखी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच और सड़कों के निर्माण के लिए हुई धनराशि का सूचना अधिकार के तहतविवरण लेकर हुए बजट खर्च और सड़क निर्माण में हुई चूक के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आरपार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है।कांग्रेस जिला महामंत्री (संगठन) कवि जोशी ने कहा कि पूर्व भी कई बार लोनिवि अधिकारियों को मौखिक और लिखित सूचना और ज्ञापन दिया गया था।जिसमें नगर क्षेत्र की सड़कों की प्रमुख समस्याओं का समाधान करने की मांग उठाई गई थी। वहीकांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला महामंत्री के नेतृत्व में शनिवार को लोनिवि के मुख्य अभियंता के नाम ज्ञापन दिया । जिसमे मेहरबूँगा बाईपास का डामरीकरण और लोगों लोगों को मुवावजा देने, त्यूनेरा, पालनिकोट, कफलखेत और मजियाखेत बायपास का डामरीकरण और चौड़ीकरण, मंडलसेरा में आर्मी केंटीन से विवेकानंद तक रोड का डामरीकरण, चौड़ीकरण और कुंती गधेरे के पानी की निकासी के लिए नदी तक ह्युम पाईप डलवाये जाए या नालियों का निर्माण किए जाने, पिछले 19 महीने से ऐतिहासिक झूला पुल को अब तक नही खोले जाने,



विशेषज्ञों की टीम का सर्वे रिपोर्ट के आधार पर पुल की मरम्मत और आवागमन के लिए खोले जाने, सरयू और गोमती नदी पर बने लोहे के चादरों से आए दिन दोपहिया वाहन चालकों के रपटने से चोटिल होने,और जिला प्रशासन द्वारा जल्द पुलों को ठीक करनेके आदेश के बाद भी अब तक कोई सुध नही लेने, कभी भी कोई हादसा होने पर अधिकारियों की जिम्मेदारी होने, केमू स्टेशन से एसबीआई तिराहे तक नालियों का निर्माण जल्द कराए जाने, गाँधी आश्रम बागेश्वर के पास बंद वकलमठ को खोल कर नाली निकास की समुचित व्यवस्था किए जाने, सीएमओ ऑफिस से महर्षि विद्या मंदिर बिलोना तक कई बार सूचित करने के बाद भी क्यों नहीं नालियों का निर्माण नही किए जाने,ताकुला मोटर मार्ग में सड़क चौड़ीकरण कार्य मे सड़क पर मनमाने तरीके से रखे गए लकड़ियों के मोटे गिल्टियों से कभी भी कोई हादसा होने, वाहन चालकों को सड़क में पास लेने में आ रही समस्या और कई बार लकड़ियों के गाड़ी से टकराने से नुकसान होने, और काटे गए पेडों को ठेकेदार को सुरक्षित स्थान पर रखवाने के निर्देश देने, सहित अन्य समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की, वही चेतावनी देते हुए जल्द समस्याओं का गम्भीरता से समाधान नही होने पर अब तक निर्माण कार्यो में हुए बजट खर्च और मिलीभगत कर सड़क निर्माण में हुई धांधली की उच्चस्तरीय जांच कराने, और सन्तुष्टि नही होने तक आंदोलन करने, मामले की सीबीआई जांच कराए जाने की चेतावनी दी।वही11 दिनों में समस्या का समाधान नही होने पर लोनिवि कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी दी। इस दौरान कुन्दन गिरी प्रदेश सयोजक ओबीसी प्रकोष्ठ, जयदीप कुमार, गणेश कुमार, दिव्याशु कुमार, संस्कार भारती, रिजवान खान, चन्दन कोरंगा, संजय जोशी आदि मौजूद थे।

# भारी बारिश से विद्युत आपूर्ती ठप

## एसडीओ की तत्परता से देर रात सुचारू हुई विद्युत सप्लाई

किच्छा(उद संवाददाता)। भारी बारिश के कारण आधे शहर की विद्युत सप्लाई ठप होने के चलते एसडीओ डीसी गुरुरानी द्वारा देर रात्रि तक लगातार विद्युत कर्मचारियों के साथ कार्य करते हुए नगर वासियों के लिए विद्युत सप्लाई को सुचारू रूप से किया। गौरतलब है कि गत दिवस अपराहन से रुद्रपुर रोड स्थित विद्युत विभाग के सप्लाई वाली लाइन पर लगे ट्रांसफार्मर में भारी बारिश के कारण खराबी उत्पन्न हो गई जिससे आधे शहर की विद्युत सप्लाई ठप हो गई विद्युत सप्लाई बाधित होने की सूचना पर विद्युत विभाग के एसडीओ डीसी गुरुरानी ने तुरंत ही विभागीय कर्मचारी लाईनमैनों को साथ में लेकर विद्युत सप्लाई को दुरुस्त करने का कार्य प्रारंभ कर दिया किंतु विद्युत सप्लाई में आए बड़े व्यवधान के चलते तथा भारी बारिश के कारण कार्य करने में बाधा उत्पन्न हो गई बावजूद इसके के डी सी गुरुरानी द्वारा विद्युत सप्लाई को सुचारु करने के लिए कर्मचारियों के साथ मिलकर प्रयास करते रहे जिस वजह से देर रात्रि 12बजे तक शहर की विद्युत सप्लाई को सुचारू रूप से चालू किया गया। यही नहीं इसके कुछ ही देर बाद सूरजमल



अग्रवाल कॉलेज वाली लाइन भी खराब हो गई जिसको सूचना पर भारी बारिश में डीसी गुरूरानी द्वारा कर्मचारियों के साथ मौके पर रहकर तुरंत सुचारू करवाया गया। नगर व्यापार मंडल के निवर्तमान कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला द्वारा विद्युत विभाग के एसडीओ डीसी गुरुरानी सहित सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस प्रकार 2 दिन से क्षेत्र में भीषण बारिश हो रही है तथा विद्युत सप्लाई की लाइन बाधित हो रही है वह आम नागरिकों के लिए विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जीडीसी गुरुरानी एवं उनके अधीनस्थ विभागीय कर्मचारियों द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय तथा इस भीषण वर्षा में प्रत्येक विद्युत कर्मचारी अपनी जान हथेली पर लेकर आम नागरिकों के लिए विद्युत सप्लाई सुचारु कर रहा है ऐसे में सभी आम नागरिकों को भी विद्युत सप्लाई बाधित होने पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों का सहयोग अवश्य करना चाहिए उन्होंने कहा कि अभी आगे और वर्षा होनी है तथा विद्युत सप्लाई में भारी वर्षा के कारण बाधा उत्पन्न हो सकती है इसलिए शहर वह आसपास के क्षेत्र में जहां पर भी ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं उन् स्थान को विभागीय कर्मचारियों द्वारा जांच करते हुए साफ सफाई कराई जानी चाहिए तथा नागरिकों से भी निवेदन किया है यदि उनके संज्ञान में ऐसे स्थान ट्रांसफार्मर नजर आए जहां पर साफ सफाई एवं मरम्मत होना आवश्यक है इसकी सूचना विद्युत विभाग कर्मचारी को तुरंत दें ताकि विद्युत सप्लाई के व्यवधान से बचाव हो सके।

# भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संतोष से मिले तरूण पंत व गौरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पार्षद सुरेश गोरी ने वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण पंत व राज्य आंदोलनकारी हरीश जोशी आदि के साथ दिल्ली स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से मुलाकात की और बुके भेंट कर उनका स्वागत करने के बाद उन्हें क्षेत्र में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। राष्ट्रीय संगठन



महामंत्री ने आश्वस्त किया इस मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की जाएगी। जिसमें आपको आमंत्रित किया जाएगा। श्री गौरी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में चलाई जा रही विकास कार्य की योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने नगला क्षेत्र के बारे में भी विस्तार से वार्ता की। गौरी ने बताया कि नगला क्षेत्र में कई समस्याएं हैं जिनका समाधान होना अति आवश्यक है। जिस पर श्री संतोष ने अपने स्तर से पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया।

# खटीमा में 9 जुलाई को मनाया जायेगा मतदाता अभिनंदन समारोह

खटीमा(उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में दर्ज राज्य मंत्री एवं खटीमा विधानसभा के प्रभारी उत्तम दत्ता



उपस्थित रहे। बैठक में 9 जुलाई को मतदाता अभिनंदन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें सांसद अजय भट्ट द्वारा सभी बूथ अध्यक्षों एवं शक्ति केंद्र संयोजकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, जिला महामंत्री सतीश गोयल नगर अध्यक्ष जीवन धामी ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन सिंह, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भुवन भट्ट, सतीष भट्ट, गोपाल बोरा, मोहन, पोखारिया, राहुल चौहान, सोमनाथ मौर्य, विक्रम भट्ट, हरीश चौपाल, मनोज चौपाल ,संजय पिलख्वाल, रिंकू सिंह, अमित, सावित्री आदि लोग उपस्तिथ थे। संचालन नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने किया।

# निजी संस्थानों के कर्मी पहुंचे आयुक्त के दरबार

## दुकानों और शोरूम में 12 से 14 घंटे काम कराने का आरोप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखण्ड में पिछले कई दशकों से निजी संस्थानों चाहे वह शहर का कोई बड़ा शोरूम हो या मॉल, लघु उद्योग हो या बड़ी फैक्ट्री या फिर अन्य कोई कार्यस्थल लगभग सभी स्थानों पर कार्यरत कर्मचारियों का किसी न किसी रूप में उत्पीड़न होता ही चला आ रहा है। इसके खिलाफ उद्योगों के कर्मचारी संगठनों द्वारा समय समय पर आवाज भी उठाई जाती रही है। परंतु वास्तविकता यही है कि कर्मचारियों के मानसिक, शारीरिक व आर्थिक शोषण में कोई कमी नहीं आई है। आज भी तमाम शो रूमों तथा उद्योगों में कार्यरत कर्मचारी जिनमें मातृशक्ति भी शामिल है को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। उनकी न तो शो रूम स्वामी कोई बात सुनने को राजी है और न ही कोई उद्योग प्रबंधन। आखिरकार परेशान होकर अनेक कर्मचारियों ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के आयोजित होने वाले जनता दरबार में पहुंचकर उनके समक्ष अपनी फरियाद रखकर न्याय की



गुहार लगाई। जिसके बाद अब लगने लगा है कि कुमाऊं में निजी संस्थानों में नौकरी करने वाले युवक और युवतियों से निर्धारित समय से अधिक काम लेने वाले शॉप, शोरूम मालिकों और किसी भी निजी संस्थान की खैर नहीं। बहुत जल्द इन सभी शोरूम व निजी नसंस्थानो के खिलाफ अभियान चलाया जा सकता है। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के बीते दिन जनता दरबार में कई युवक नव युवतियों द्वारा बताया गया कि वह लोग 12 से 14 घंटे की ड्यूटी करते हैं और संस्थाओं के मालिकों द्वारा उनको अलग से भी कोई बोनस रकम भी नहीं दी जाती और नियम यह कहता है 8 नघंटे से अधिक किसी भी संस्थान का मालिक अपने यहां कार्यकृत कर्मचारियों से काम नहीं ले सकता। उनका यह भी कहना था कि जब वह संस्थान स्वामी से इस संदर्भ में बात करना चाहते हैं तो वह नौकरी छोड़कर चले जाने को कह देता है । परिवार के भरण पोषण की खातिर उन्हें उत्पीड़न व शोषण सहना पड़ रहा है। जिस पर कमिश्नर दीपक रावत ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि वह इस संदर्भ में श्रम विभाग को कड़े निर्देश जारी करेंगे साथ ही आरोपी संस्थानों का औचक निरीक्षण कर उनके स्वामियों को निर्देशित भी किया जाएगा। उनका कहना था कि कोई भी संस्थान स्वामी निर्धारित समय से ज्यादा किसी भी कर्मचारी से कार्य नहीं करवा सकता है और श्रम नियमानुसार उनको सुविधाएं भी उपलब्ध करानी होंगी।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम ANKESH KUMAR से बदलकर ANKESH AGARWAL रख लिया है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए । -अंकेश अग्रवाल पुत्र घनश्याम दास,वसंत गार्डन किच्छा, जिला-उधमसिंहनगर,उत्तराखण्ड

## पेज एक का शेष...

**उत्पीड़न के खिलाफ...** करें, मजदूरों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा जनपद में स्थाई उप श्रमायुक्त की तत्काल नियुक्ति की जाये। रोषित श्रमिक नेताओं ने कहा कि एक ओर अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर श्रमिक निरंतर आन्दोलन कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर अधिकारी उद्योगों के प्रबंधतंत्र से मिलकर श्रमिकों के खिलाफ साजिश रचने में लगे हुए हैं। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उद्योगों के श्रमिकों के अधिकार लेकर ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को नियमानुसार बोनस व ओवर टाईम का भुगतान नहीं किया जाता है। पंचायत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि पुलिस द्वारा किसी भी श्रमिक को गिरफ्तार किया गया तो उसके विरोध में सभी मजदूर जेल भरो आन्दोलन के तहत सामूहिक गिरफ्तारी देंगे। साथ ही सामूहिक आन्दोलन शुरू करके निर्णायक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान अरविंद, श्रमिक संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष दिनेश तिवारी, केके बोरा, पीपी आर्या, महेन्द्र कपूर, नीशू कुमार, पीसी तिवारी, धीरज जोशी, ठाकुर सिंह, एसएन मिश्रा, सौरभ पटेल, बसंत गोस्वामी, लोकेश पाठक, मुकुल, कैलाश, दलजीत, जगदीश, गंगा सिंह, प्रकाश मेहरा, राजेश कन्याल, गणेश मेहरा, अविलाक सिंह, संजीव कुमार गुप्ता, कुलदीप, महिपाल, विनोद, पंकज कुमार, स्वामी आधार श्रीवास्तव, देवीदास, अजीत, शिवदेव सिंह, हीरा राठौर, वंदना, सुब्रत विश्वास, रविन्द्र कुमार, हरेन्द्र सिंह, बॉबी पंवार, रामजीत सिंह, गंगा सिंह, साहब सिंह, कैलाश भट्ट, ललित मटियाली, संजय आईस, लक्ष्मी, रजनी, ममता, विमला, रामबेटी, नीरज, प्रीती, पिंकी, कंचन, सीमा, सुनीता, सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। पंचायत में दूरदराज क्षेत्रों से आये विभिन्न मजदूर संगठनों के श्रमिक मौजूद थे।

**उत्तराखंड में घटाया गया...**अस्पताल द्वारा पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा ।साथ ही अब राज्य में यूजर्स चार्जेज में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि नहीं जाएगी। इसके विपरीत आम जनमानस एवं रोगियों के हित में यूजर्स चार्जेज में तीन वर्ष के बाद शासन स्तर पर समीक्षा भी की जाएगी।

**हल्द्वानी की पार्वती...**हैं। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट जितेंद्र रौतेला ने बताया कि दिवंगत कैलाश सिह टोलिया साहब के पार्वती कालोनी बिठोरिया स्थित आवास के सीसीटीवी में देर रात गुलदार कैद हुआ है। सीसीटीवी फुटेज में गुलदार तेजी से भागता नजर आ रहा है। जिसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। क्षेत्र के लोगों ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन से जल्द से जल्द गुलदार की खोज कर उसे पिंजरे में कैद कर लोगों को दहशत से बाहर निकालने की अपील की है। कुछ दिन पूर्व नैनीताल रोड में शीशमहल के पास एक सात साल का बालक गुलदार का शिकार हुआ था। इसके बाद शुक्रवार रात तिकोनिया क्षेत्र की आबादी के बीच गुलदार नजर आया। ऐसे में शहर के लोग बारिश के बीच गुलदार की दहशत में आ गए हैं। लालडांठ के बिठौरिया क्षेत्र में रविवार तड़के दिखे गुलदार की जानकारी जैसे ही क्षेत्र के लोगों को लगी तो सभी सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गए। बारिश और रविवार का दिन होने से बच्चे भी घरों में कैद हैं। लोग अनुमान लगा रहे हैं कि क्या पता कॉलोनी से निकलकर न जाने किस इलाके मे गुलदार गया होगा। उधर जिला प्रशासन, पुलिस विभाग तथा वन विभाग के अधिकारी गुलदार की मौजूदगी को गंभीरता से लेकर उसे पिंजरे में कैद करने की रणनीति बनाने में जुटे हैं।

**ट्रक की टक्कर से ...** ट्रक के चालक ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार दीपक मनराल ट्रक के नीचे आ गया।आसपास खड़े लोगों के शोर मचाने पर ट्रक चालक दीपक को बाइक सहित घसीटते हुए ले गया। इस दुर्घटना में दीपक सनवाल की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उनमें कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि मृतक दीपक मनराल रुद्रपुर के एचडीएफसी बैंक शाखा में कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव के पद पर नौकरी करता था। चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट का कहना है कि दुर्घटना के बाद भागने की कोशिश करते ट्रक को पुलिस ने टीपी नगर पुलिस चौकी से पहले ही पकड़कर चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आज मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी..**अपने एक पुत्र व तीन पुत्रियों के साथ जीवन यापन करती थी। बताया जाता है कि गत रात्रि कौशल्या देवी को किसी काम के लिए रूद्रपुर आना पड़ गया। वह अपने पुत्र सतनाम सिंह के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर से रवाना हुई। जब वह मार्ग में महतोष मोड़ में पुलिस चौकी के पास पहुंची तभी तेज गति से आती ट्रैक्टर ट्राली के अज्ञात चालक ने स्कूटी को जोर से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार कौशल्या देवी व उसका पुत्र सतनाम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल कौशल्या देवी ने कुछ ही देर में मौके पर ही दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर आ गये। कौशल्या की मौत से उनमें कोहराम मच गया। गंभीर रूप से घायल सतनाम सिंह को उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया। इधर घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**हादसे में दो बाइक..**सूचना दी। जम्बो होक 2 में तैनात कांस्टेबल दिनेश उप्रेती, गणेश धपोला , पूरन सिंह व हॉक 2 में नियुक्त हेड कांस्टेबल नारायण सिंह व हेड कांस्टेबल दीपक भट्ट तुरन्त मौके पर पहुँचे। उन्होंने दोनों घायलों को बेहोशी की हालत में सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ उनका उपचार चल रहा हैं।

# भूपेंद्र कुमार बने अंग्रेजी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर

कांडा(उद संवाददाता)।तहसील के रिखाड़ी ग्राम पंचायत के भूपेंद्र कुमार का चयन अंग्रेजी विषय में असिस्टेंट पोफेसर के पद पर हुआ है। गरीबी को मात देकर भूपेंद्र ने कमाल कर दिखाया। गांव में खुशी की लहर हैं उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई है। स्व. दीवान राम व आनंदी देवी के घर जन्मे भूपेंद्र की हाईस्कूल एवं इंटर तक की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज कांडा से हुई। बागेश्वर डिग्री कॉलेज से बीए व एमए किया। कुविवि से पीएचडी कर रहे हैं। वर्तमान में वह राजकीय इंटर कॉलेज गंगोलीहाट में अंग्रेजी विषय में प्रवक्ता के पद पर तैनात हैं। क्षेत्रीय जनता ने भूपेंद्र की इस उपलब्धि से युवाओं को प्रेरणा लेने की अपील की हैं। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय भूपेंद्र ने अपने स्वर्गीय माता पिता परमपिता परमेश्वर अपने भाई मनोज



कुमार बहिन चंदा व पत्नी बदंना को दिया हैं।पत्नी बदंना को उन्होंने धन्यवाद देते हुए अपने इस उपलब्धि में भरपूर सहयोग करनज हेतू। यहां अवकाश प्राप्त शिक्षा अधिकारी भगवत सिंह रौतेला विधायक सुरेश गढ़िया जिप अध्यक्ष बसंती देव पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण उम्मेद सिंह मांजिला जिप सदस्य गोपा धपोला पूजा आर्या बीरेंद्र नगरकोटी प्रधानाचार्य त्रिभुवन लोबियाल आशा आर्या नवीन चंद्र जोशी जीतेन्द्र वर्मा हीरा सिंह कर्म्याल सुंदर सिंह गढ़िया दरपान सिंह धपोला गंगा लाल वर्मा सुरेश धपोला इंद्र सिंह धपोला संतोष रौतेला ग्राम प्रधान उमेश धपोला बंशीधर कांडपाल किशोरी लाल वर्मा ज्योति कांडपाल अशोक जोशी सभी ने खुशी जताई हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भारी बारिश से रुद्रपुर की सड़कें हुई जलमग्न

## जलस्तर बढ़ने से कल्याणी नदी किनारे बसे कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भिजवाया





## बाजार और आवासीय क्षेत्रों में जल भराव से बढ़ी मुश्किलें

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले दो दिनों से रूक रूक कर हो रही मानसूनी बरसात ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। नगर व आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों की सभी सड़कें पूरी तरह से जलमग्न हो चुकी है। वहीं अनेक स्थानों पर जलभराव हो जाने से लोगो ंको परेशानियों का समना करना पड़ रहा है। इधर कल्याणी नदी का जलस्तर भी लगातार हो रही वर्षा से धीरे धीरे बढ़ने लगा है। जिससे नदी किनारे रहने वाले लोगों को बाढ़ का भय सताने लगा है। गत दो दिनों से हो रही बरसात ने भले ही आम लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत दिलाई हो परंतु लोगों के समक्ष कई परेशानियां भी खड़ी कर दी हैं। जहां नगर के अग्रसेन चौक, डीडी चौक, गाबा चौक, इन्द्रा चौक, सिडकुल तिराहा, काशीपुर बाईपास रोड, बाजार क्षेत्र सहित आवासीय क्षेत्रों ट्रांजिट कैम्प, सिंह कालोनी, भदईपुरा, पहाड़गंज, आदर्श कालोनी, सीर गोटिया, आवास विकास, आदर्श इन्दिरा बंगाली कालोनी, जैन कालोनी, बिगवाड़ा, फुलसुंगा, फुलसुंगी, गंगापुर रोड, शांति कालोनी, मलिक कालोनी, ईश्वर कालोनी समेत तमाम आवासीय क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर जल भराव हो जाने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कल्याणी नदी के जल स्तर पर प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी पैनी नजर लगाये हुए हैं। इसको लेकर पूरी सतर्कता भी बरती जा रही है। नदी किनारे बसे कई लोगों ने संभावित बाढ़ को देखते हुए परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भिजवाना शुरू कर दिया है। नगर की सभी नालियों व नालों की तलीझाड़ सफाई न होने से नालियों व नालों में जमा कूड़ा बरसात के पानी के साथ निकल कर सड़कों पर बहने लगा है। व्यापारियों ने प्रशासनिक व निगम के अधिकारियों से बाजार क्षेत्र में पानी की निकासी जल्द ही व्यवस्थित करने की मांग की है। ताकि आने वाले दिनों में बरसात का पानी दुकानों के अन्दर न आने पाये। बरसात के चलते बाजार में खरीददार नदारद दिखाई दिये।

## डीएम ने जारी किये आपदा नियंत्रण कक्षों के नंबर

रूद्रपुर। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने आम लोगों की जानकारी के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्षों के नंबर जारी करते हुए कहा है कि किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में नियंत्रण कक्ष से चौबीसों घंटे संपर्क साधा जा सकता है। जिलाधिकारी ने मानसून को देखते हुए सभी संबंधित विभागों व अधिकारियों को निरंतर सतर्क रहकर किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने जिला मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्षों के माध्यम से सूचनाओं का तेजी से आदान-प्रदान करने के निर्देश देते हुए कहा है कि नियंत्रण कक्ष एवं आपदा प्रबंधन के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जारी होने वाली किसी भी प्रकार की आकस्मिकता या आपदा की सूचना पर संबंधित विभाग व कार्मिक न्यूनतम रिस्पांस टाईम में अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके लिए अलग से निर्देशों का कतई इंतजार न करें। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागो व संगठनों को हिदायत दी है कि सड़कों के अवरूद्ध होने की दशा में वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रोकने की व्यवस्था की जाय और सड़कों को खोले जाने के काम को युद्धस्तर पर संचालित किया जाय। जिला मुख्यालय उधमसिंह नगर स्थित जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र से दूरभाष नंबर 05944-250250, 250222, 250500, 250719 टोल फ्री नंबर 1077-250823 पर संपर्क किया जा सकता है। तहसील जसपुर के नियंत्रण कक्ष से दूरभाष नंबर 9568457717, 9808822000 तहसील काशीपुर में 05947-274026, 9639711936 तहसील बाजपुर में 05949-281002, 9837224562 तहसील गदरपुर में 05949-231136, 8077482320 तहसील रूद्रपुर में 05944 -2350010, तहसील किच्छा में 05944-264348, 9058508966 तहसील सितारगंज में 8392825345 और तहसील खटीमा में दूरभाष नंबर 05943-250023 9758595288 पर संपर्क किया जा सकता है।







# प्राधिकरण के लिए अब भी चुनौती बने हैं भू माफिया

## सख्ती के बावजूद अवैध कालोनियों की भरमार, प्लाटिंग का भी चल रहा खेल
## अकेले काशीपुर से सरकार के राजस्व को प्रतिमाह लग रहा है करोड़ों का चूना

-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की सख्ती के बावजूद यहां काशीपुर के नगरीय क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर भूमाफिया प्रशासन के लिए चुनौती बने हैं। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला द्वारा जहां एक ओर लगातार अवैध कॉलोनियों/अवैध तरीके से की जा रही प्लाटिंग को लेकर कार्यवाही की जा रही है वहीं दूसरी ओर भू माफिया कानून की आंख में धूल झोंककर जगह बदल बदल कर अवैध कॉलोनीयों को काटने में जुटे हैं। एक ताजा प्रकरण में अवैध प्लाटिंग किए जाने का बेहद आश्चर्यजनक मामला प्रकाश में आया है। सेंट मैरी स्कूल के सामने चार बीघा के बड़े भूभाग पर अवैध प्लाटिंग का खुला खेल चल रहा है। इस भूमि पर सड़क के किनारे से होकर निकल रहे सरकारी (लोक निर्माण विभाग) के नाले को भू माफिया ने मिट्टी के मलवे से पाट दिया फलस्वरुप भारी बारिश के बीच बरसात का पानी रेलवे लाइन के किनारे से लेकर आसपास के खाली जमीनों में बड़ी तादाद में जमा हो रहा है। सरकारी नाला अवरुद्ध होने के कारण उक्त स्थान पर खाली भूमि तालाब में तब्दील है। अब इस पूरे प्रकरण में मजे की बात किया है कि जब इस चार बीघा भूमि के स्वामी से अवैध प्लाटिंग के बाबत जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उसमें बताया कि कथित तौर पर विकास प्राधिकरण से इसका नक्शा पास करा लिया गया है। इसके अलावा भूमि की 143 कराई गई है तथा रेलवे से भी एनओसी मिल चुका है जबकि सच्चाई यह है कि भूमि पर निर्माण कार्य करने के लिए अथवा प्लाटिंग के लिए कहीं भी किसी विभाग से कोई हरी झंडी नहीं मिली है।





### गिन्नीखेड़ा व सरवरखेड़ा में फोरलेन के आसपास भरमार

काशीपुर। ग्राम गिन्नीखेड़ा एवं सरवरखेड़ा में फोरलेन के आसपास जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को बारीकी से निरीक्षण करना चाहिए। उपरोक्त दोनों ही स्थान पर दर्जनों जगहों पर भूमाफियाओं ने अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैला रखा है। गिन्नीखेड़ा में गणपति अपार्टमेंट के आसपास तथा इसके ठीक सामने प्राधिकरण के दायरे में भू माफियाओं के गैर कानूनी खेल खुली आंख देखें जा सकते हैं। इसी तरह ग्राम सरवरखेड़ा में फोरलेन के आसपास तैयार मार्केट तथा इसके ठीक पीछे एक बड़े भूभाग पर काटी जा रही अवैध कालोनियां प्राधिकरण के लिए चुनौती है।

### प्लाटिंग के लिए नक्शा पास नहीं कराया और ना कराई 143

काशीपुर। हरियावाला रोड पर बाबरखेड़ा मोड के समीप अवैध प्लाटिंग के लिए दर्जनों फलदार छायादार वृक्षों को समूल जड़ काट दिया गया। इसी तरह गढीनेगी रोड पर भरतपुर में नियम कायदों के ताक पर रखकर तैयार हो रहा है केदार हाइट्स। बैलजोड़ी मोड पर बेस पॉइंट के ठीक सामने जमीन के बड़े टुकड़े पर प्लाटिंग की जा रही है। विभाग से इसका नक्शा पास नहीं कराया गया है और ना ही इस भूमि की 143 हुई है। आश्चर्य तो इस बात का है कि जसपुर रोड मुख्य मार्ग से होकर संबंधित विभाग के अधिकारियों का अक्सर आवागमन रहता है इसके बावजूद भी भू माफियाओं का कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ पा रहा।